17

# पन्ना – पन्ना बोलता है

**अधिगम प्रतिफल :**

- अपने पाठ और लिखने के उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए अपनी बात को प्रभावी तरीके से लिखते हैं।
- किसी पाठ्यवस्तु को पढ़ने के दौरान समझने के लिए जरूरत पड़ने पर अपने किसी सहपाठी या शिक्षक की मदद लेकर उपयुक्त संदर्भ सामग्री जैसे – शब्दकोश, विश्वकोश, मानचित्र, इंटरनेट या अन्य पुस्तकों की मदद लेते हैं।
- अभिव्यक्ति की विविध शैलियों रूपों को पहचानते हैं एवं स्वयं लिखते हैं जैसे – रिर्पोट बनाना।

**पाठ का परिचय–** प्रस्तुत पाठ में समाचार– पत्र के महत्त्व को बताया गया है। वर्त्तमान समय में सूचनाओं के आदान – प्रदान के लिए अनेक माध्यम मौजूद हैं। फिर भी समाचार –पत्रों का महत्व कम नहीं हुआ है। पिता – पुत्री के आपसी संवाद द्वारा समाचार – पत्र में प्रकाशित होने वाले समाचार, विशेष लेख, संपादकीय, पाठकों के पत्र, विज्ञापन इत्यादि उसके विविध अंगों के बारे में जानकारी मिलती है।

## सार संक्षेप/सारांश

प्रस्तुत कहानी के माध्यम से समाचार पत्र के स्वरूप और उपयोगिता पर प्रकाश डाला गया है। शुभांगी के घर में खुशी और चहल–पहल है। उसके पिताजी ने बताया कि समाचार पत्र के माध्यम से पता चला कि उसकी बूआ का चयन भारत सरकार की प्रशासनिक सेवा के लिए किया गया है उसके पिता बताते हैं कि ''समाचार–पत्र हमारी जिज्ञासाओं को शांत करता हैं इसके माध्यम से हमें जानकारी और सूचनाएँ मिलती हैं।'' शिवांगी समाचार–पत्र के बारे में और जानना चाहती है तो उसके पिताजी बताते हैं कि समाचार–पत्र में समाचार के अलावा विशेष लेख, संपादकीय, पाठकों के पत्र, विज्ञापन इत्यादि चीजें होती हैं। इसके अलावा बच्चों के बनाए चित्र, वर्ग पहेलियाँ, कविताएँ, कार्टून, इत्यादि। समाचार

© JCERT not to be republished

कई प्रकार होते हैं, जैसे – राजनीतिक समाचार, सामाजिक समाचार, आर्थिक समाचार, खेल–कूद संबंधी समाचार इत्यादि। जिस प्रकार बाल संसद में प्रधानमंत्री सभी मंत्रियों के कार्यो की देखरेख करते हैं उसी प्रकार समाचार पत्र में संपादक समाचार पत्र में छपी चीजों के लिए जिम्मेदार होते हैं। जिसे संपादकीय कहते हैं। अपने क्षेत्र की समस्या को संपादक के नाम पत्र में लिखा करते हैं। इसमें विज्ञापन भी प्रकाशित किए जाते हैं। शुभांगी इन बातों से काफी प्रभावित होती है और रोज समाचार पत्र पढ़ने का निर्णय करती है।

## शब्दार्थ –

| | | |
|---|---|---|
| जिज्ञासा | – | उत्सुकता, जानने की इच्छा |
| पाठक | – | पढ़नेवाला |
| प्रयत्नशील | – | कोशिश करते रहना |
| राजनीतिक | – | शासन संबंधी |
| विविध | – | अनेक प्रकार के |
| समसामयिक | – | समान समय में होने वाली |
| इशारा | – | संकेत |

© JCERT not to be republished

## अन्य महत्वपूर्ण प्रश्न

1. शुभांगी की बुआ किस सेवा के लिए चुनी गई थी?
2. शुभांगी की बुआ को प्रशासनिक सेवा में चुने जाने की खबर कैसे मिली?
3. समाचार के प्रकारों के नाम लिखिए।
4. समाचार – पत्र के बारे में जानने के बाद शुभांगी ने क्या निश्चय किया?
5. संपादक किसे कहते हैं?
6. विज्ञापन क्यों दिए जाते हैं?
7. क्या समाचार – पत्र के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जा सकता है?

## बहुवैकल्पिक प्रश्न

8. 'पन्ना–पन्ना बोलता है' किस विधा में रचित है?

(क) रिपोर्ट (ख) उपन्यास–अंश

(ग) लेख (घ) कहानी

9. 'पन्ना–पन्ना बोलता है' में किसके महत्व को बताया गया है?

(क) बुआ (ख) पिताजी

(ग) समाचार–पत्र (घ) खेलकूद

10. भारत सरकार की प्रशाासनिक सेवा के लिए किसे चुना गया था?

(क) शुभांगी की माता (ख) शुभांगी के पिता

(ग) शुभांगी की बुआ (घ) शुभांगी का चाचा

11. शुभांगी की बुआ के भारतीय प्रशासनिक सेवा में चुने जाने की खबर किस माध्यम से प्राप्त हुई?

(क) समाचार – पत्र (ख) इंटरनेट

(ग) टी. वी. (घ) रेडियो

12. समाचार–पत्र हमारी ––––––––– को शांत करता हैं?

(क) इच्छा (ख) जिज्ञासा

(ग) लाभ (घ) आग

13. समाचार–पत्र में क्या–क्या होता है?

(1) विशेष लेख (2) संपादकीय

(3) समाचार (4) विज्ञापन

© JCERT not to be republished

14. समाचार पत्र में छपी सामग्री किसके लिए होती है ?

(क) वयस्कों के लिए (ख) बुजुर्गों के लिए

(ग) बच्चों के लिए (घ) उपर्युक्त सभी

15. निम्नलिखित में से कौन–सा समाचार का प्रकार है ?

(क) राजनीतिक समाचार (ख) आर्थिक समाचार

(ग) खेल–कूद संबंधी समाचार (घ) उपर्युक्त सभी

16. समाचार में छपी चीजों के लिए ––––––––– ही जिम्मेदार होता है।

(क) पत्रकार (ख) टाइपिस्ट

(ग) संपादक (घ) प्रिंटर

17. समाचार पत्र में किस प्रकार के विज्ञापन प्रकाशित होते हैं ?

(क) संस्था की सेवाओं के (ख) सरकार की योजनाओं एवं सेवाओं के

(ग) सामाजिक जागरूकता संबंधी (घ) उपरोक्त सभी

## पाठ्यपुस्तक के प्रश्नोत्तर

**प्रश्न** (1) शुभांगी के घर में खुशी का माहौल क्यों है ?

**उत्तर** – शुभांगी की बुआ का भारतीय प्रशासनिक सेवा में चयन का समाचार समाचार–पत्र के माध्यम से प्राप्त हुआ। इसी कारण शुभांगी के घर में खुशी का माहौल है।

**प्रश्न** (2) समाचार पत्र में किन–किन विषयों की जानकारी मिलती है?

**उत्तर** – समाचार–पत्र में देश–दुनिया की घटनाओं, राजनीतिक, सामाजिक, आर्थिक, खेल–कूद आदि के समाचार मिलते हैं।

© JCERT not to be republished

**प्रश्न**–(3) विज्ञापनों से हमें किस प्रकार फायदा होता है ?

**उत्तर**– विज्ञापनों से हमें किसी भी वस्तु अथवा सेवा के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त होती है। उस जानकारी का उपयोग करके हम अपनी जरूरत की वस्तु या सेवा प्राप्त कर पाते हैं। विज्ञापन हमें किसी भी वस्तु या सेवा से होने वाले नुकसान के प्रति भी जागरूक करते हैं।

**प्रश्न**–(4) किसी समाचार–पत्र का संपादक क्या करता है ?

**उत्तर**– किसी भी समाचार–पत्र का संपादक उस समाचार–पत्र का सबसे महत्पूर्ण व्यक्ति होता है। वह समाचार–पत्र के सभी विभागों के कार्यो की देख–रेख करता है। समाचार पत्र में छपी जानकारियों के लिए संपादक ही जिम्मेदार होता है। वह समसामयिक विषयों पर समाच. ार–पत्र में संपादकीय नाम से लेख लिखता है जो पूरे समाचार–पत्र की विचारधारा का प्रतिनिधित्व करता है।

## भाषा संदर्भ

**प्रश्न**– (1) पिताजी आँगन में बैठे थे।

पिताजी समाचार–पत्र देख रहे थे।

**ऊपर दो वाक्य लिखे गए हैं। इन दोनों वाक्यों को मिलाकर एक वाक्य लिखा जा सकता है–**

'पिताजी आँगन में बैठकर समाचारपत्र देख रहे थे।' दो या दो से अधिक वाक्यों को मिलाकर एक वाक्य बनाना 'वाक्य–संश्लेषण' कहलाता है। यहाँ कुछ वाक्य दिए जा रहे हैं। इन्हें एक ही वाक्य में लिखिए –

(क) मैं सुबह उठा। मैं बाहर गया।

(ख) रात हो गई। चाँद निकल आया। चाँद गोल था।

(ग) चाचा जी को प्यास लगी थी। चाचा जी परेशान थे। वे पानी खोज रहे थे।

(घ) एक बगीचा था। बगिया नदी के किनारे था। बगीचे में सुंदर फूल खिले थे। बगीचे में झूला था। बगीचे में फव्वारा भी था।

**उत्तर**–(क) मैं सुबह उठकर बाहर गया।

© JCERT not to be republished

(ख) रात होने पर गोल चाँद निकल आया।

(ग) चाचा जी प्यास से परेशान होकर पानी खोज रहे थे।

(घ) नदी के किनारे एक बगीचा था जिसमें सुंदर फूल झूले और फव्वारे थे।

**प्रश्न**— 2. पाठ में 'राजनीतिक' शब्द आया है। यह शब्द 'राजनीति' में 'इक' प्रत्यय लगने से बना है।

राजनीति + इक — राजनीतिक (राजनीति से संबंधित)

इसी प्रकार, अर्थ + इक — आर्थिक (अर्थ से संबंधित)

**नीचे दिए गए शब्दों में 'इक' प्रत्यय लगाकर नए शब्द बनाइए :—**

समाज, परंपरा, नीति, शिक्षा, देह, देव, सुख, भूगोल, संप्रदाय, लोग, वेद, कपाल, व्यवहार।

**उत्तर**—

| | | |
|---|---|---|
| समाज + इक | — | सामाजिक |
| परंपरा + इक | — | पारंपरिक |
| नीति + इक | — | नैतिक |
| देह + इक | — | दैहिक |
| देव + इक | — | दैविक |
| मुख + इक | — | मौखिक |
| भूगोल + इक | — | भौगोलिक |
| संप्रदाय + इक | — | सांप्रदायिक |
| लोक + इक | — | लौकिक |
| वेद + इक | — | वैदिक |
| कपाल + इक | — | कापालिक |
| व्यवहार + इक | — | व्यावहारिक |

© JCERT not to be republished

## अन्य महत्वपूर्ण प्रश्नों के उत्तर

1. शुभांगी की बुआ भारतीय प्रशासनिक सेवा के लिए चुनी गई थी।

2. शुभांगी की बुआ को प्रशासनिक सेवा में चुने जाने की खबर समाचार पत्र के माध्यम से मिली।

**3. समाचार के प्रकार :–**

(i) राजनीतिक समाचार

(ii) आर्थिक समाचार

(iii) खेलकूद संबंधी समाचार

(iv) मौसम संबधी समाचार

4. समाचार पत्र के बारे में जानने के बाद शुभांगी ने निश्चय किया कि वह रोज समाचार पत्र पढ़ेंगी।

5. समाचार पत्र के सभी विभागों के कार्यो की देख–रेख के लिए जो व्यक्ति होता है उसे संपादक कहते हैं।

6. लोग, संस्था या सरकार अपनी चीजों या सेवाओं के बारे में समाचार–पत्रों में विज्ञापन देते हैं। इससे अन्य लोगों को वस्तु या सेवा की जानकारी हो जाती है, फिर लोग अपनी जरूरत के अनुसार वस्तु अथवा सेवा का उपयोग करते हैं।

7. हाँ, समाचार–पत्र के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जाता है। जैसे – तम्बाकू सेवन से होने वाले नुकसान से संबंधित विज्ञापन देकर लोगों को नुकसान से बचाया जा सकता है।

© JCERT not to be republished

## बहुवैकल्पिक प्रश्नों के उत्तर

8. (घ) कहानी

9. (ग) समाचार–पत्र

10. (ग) शुभांगी की बुआ

11. (क) समाचार–पत्र

12. (ख) जिज्ञासा

13. (घ) 1, 2, 3, 4

14. (घ) उपर्युक्त सभी

15. (घ) उपर्युक्त सभी

16. (ग) संपादक

17. (घ) उपर्युक्त सभी

© JCERT not to be republished